## खबर संक्षेप

### रिश्तेदार ने किया बलात्कार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सतना।** मैहर के ताला थाना क्षेत्र में युवती से रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया। युवती के गर्भवती हुई,तो 7 महीने बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र में रहने वाली 20 साल की युवती मार्च महीने में रिश्तेदारी में गई थी। 1 अप्रैल को रिश्तेदार ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी और इज्जत की खातिर लड़की चुप्प रही। घटना के 7 महीने बाद युवती के शरीर में बदलाव और तबीयत बिगड़ी तो घरवाले उसे अस्पताल लेकर गए।यहां उसके 7 माह के गर्भ के बारे में पता चला।वे युवती को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में एक शिकायत दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मल्टीटास्क होल्डर सेंसिटाइजन कार्यशाला 19 दिसंबर को

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि जन्म के समय घटते लिंगानुपात विषय पर एक दिवसीय मल्टीटास्क होल्डर सेंसिटाइजन कार्यशाला 19 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे भरहुत होटल सतना में आयोजित होगी। कार्यशाला में सोनोग्राफी सेंटर संचालकों एवं पीसीएंडपीएनडीटी के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### नगरीय निकायों एवं पंचायतों के उपनिर्वाचन की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

**सतना।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। श्री सिंह ने कहा है कि मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को मतदान की प्रक्रिया,मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं,संबंधित चुनाव के लिये स्थापित किये गये सहायता केन्द्रों की जानकारी,मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने वाले दस्तावेजों की जानकारी,नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान/तिथियों तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदान दिनांक की जानकारी का स्थानीय तौर पर व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक रूप से कराया जाये। संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की साधारण सभा की बैठकों,हाट-बाजारों,मेलों,भीड़ वाले क्षेत्रों तथा आंगनबाड़ियों में पूर्ण जांच एवं परीक्षण के उपरांत अभिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का विधिवत प्रदर्शन करते हुये,उसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन की प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझायी जाए। प्रचार-प्रसार के लिये परम्परागत साधनों ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर (मुनादी) तथा नगरीय निकायों के संबंधित वार्डों में लाउड स्पीकर के माध्यम से का उपयोग किया जा सकता है। जिला जनसंपर्क अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान में "प्रो एक्टिव" की भूमिका का निर्वहन करें। जिला पंचायत सदस्य,जनपद पंचायत सदस्य,सरपंच एवं पार्षद पद के लिए निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से तथा पंच पद का निर्वाचन मतपत्र एवं मतपेटी के माध्यम से होगा।



# शॉर्ट सर्किट से कंटेनर ट्रक के केबिन में भड़की आग



सतना। चित्रकूट में शनिवार दोपहर अचानक एक कंटेनर ट्रक के केबिन में आग लग गई। आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के केबिन में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

जानकारी के मुताबिक चित्रकूट नगर परिषद कार्यालय के पास सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर के केबिन में शनिवार की दोपहर अचानक आग भड़क उठी।ट्रक में सीमेंट लोड थी। आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दी गईं। बोरिंग के पानी से कुछ ही देर में आग पर काबू पा भी लिया गया। बताया जाता है कि कंटेनर में सीमेंट लोड थी जिसे सतना की तरफ से यूपी ले जाया जा रहा था। नगर परिषद कार्यालय के पास स्थित मिश्रा ढाबा में ड्राइवर ने ट्रक खड़ा कर दिया और क्लीनर के साथ बैठकर खाना खाने लगा। इसी दौरान केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। जब तक लोग ट्रक के पास पहुंचे,तब तक धुआं आग की लपटों में तब्दील हो चुका था। जिस जगह ट्रक में आग लगी वहां से कुछ ही फासले पर रसोई गैस की एजेंसी भी है। लेकिन गनीमत थी कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के केबिन में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

# सड़क हादसों को रोकने बरती गई सख्ती, पुलिस ने स्कूल और बस संचालकों को दी हिदायत

**सतना।** स्कूली वाहनों और बच्चों के साथ होने वाले सड़क हादसों की रोकथाम के लिहाज से पुलिस के अफसरों ने शनिवार को स्कूल और स्कूल बस संचालकों की बैठक लेकर नियम-कायदों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी डॉक्टर शिवेश सिंह बघेल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे,रिजर्व इंस्पेक्टर देविका सिंह बघेल,ट्रैफिक टीआई संतोष तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में स्कूल-कालेज संचालक एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट से जारी गाइड लाइन के पालन के लिए बुलाई गई इस बैठक में स्कूल कालेज में छात्रों के आवागमन के लिए बसों का परिचालन करने के लिए तय नियम-शर्तों से सभी को एक बार फिर अवगत कराया गया। बसें ऑपरेट करने वाले संचालको को अपने वाहनो में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाने की सख्त हिदायत दी गई।

### हेलमेट जरूर लगाएं नहीं तो अब शख्ति से होगी कार्यवाही

इसके साथ ही आपात द्वार,फर्स्ट एड किट,अग्निशामक यंत्रों का इंतजाम केवल दुरुस्त रखने बल्कि समय-समय पर उसकी जांच भी करते रहने के निर्देश दिए गए। एडिशनल एसपी ने कहा कि कई बसें ऐसी भी हैं। जिनमें ना तो इमरजेंसी के लिए फोन नंबर लिखे हैं और न ही बस संचालक का कांटेक्ट नंबर दर्ज है। ऐसे में अगर ड्राइवर-कंडक्टर की तरफ से कोई लापरवाही पाई गई तो सूचना भी नहीं दी जा सकती। सभी को कंट्रोल रूम,फायर ब्रिगेड,एम्बुलेंस और बस मालिक का मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से बसों में लिखवाना होगा। इस दौरान बच्चों को स्कूल लाने पहुंचाने वाले ऑटो रिक्शों और वैन का मुद्दा भी उठा लेकिन स्कूल संचालकों ने उनसे पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने पुलिस को बताया कि ऑटो-वैन वाले बच्चों को उनके परिसर के बाहर ही छोड़ देते हैं। उनके साथ बच्चों को भेजने का इंतजाम अभिभावक निजी तौर पर करते हैं। हालांकि उनका ऑटो- वैन पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रैफिक टीआई संतोष तिवारी ने बताया कि ऑटो-वैन पर सख्ती के लिए अलग से व्यवस्था की जा रही है। ओवरलोडिंग उन्हें भी नहीं करने दी जाएगी। टीआई ने बताया कि स्कूल-कॉलेज प्रबंधन को हेलमेट का उपयोग भी सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। उन्हें निर्देशित दिया गया है कि बिना हेलमेट परिसर में किसी को भी प्रवेश न दें। गौरतलब है कि जिला मजिस्ट्रेट सतना अनुराग वर्मा भी इस संबंध में पहले ही आदेश जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद इसके अभी भी स्कूल-कॉलेज में छात्र और स्टॉफ बिना हेलमेट आना-जाना कर रहे हैं।

# मैहर में घंटाघर से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



**सतना।** मैहर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे घंटाघर गुरुनानक स्कूल के सामने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी,कलेक्टर रानी बाटड,जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर पालिक मैहर के जिला स्तरीय कार्यक्रम से किया गया। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई और वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिये रवाना किया।

### मैहर जिले में आज की विकास यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अगले चरण में मैहर जिले में 17 दिसंबर को मैहर विकासखंड में अमुवा,पथरहटा,पकरिया,गुगड़ी,अमरपाटन विकासखंड में मौहारिया लालन,खरमसेड़ा और रामनगर विकासखंड में बड़ा इटमा और खारा पंचायत में संकल्प यात्रा का आयोजन होगा।

# सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य शुभारंभ



### सांसद गणेश सिंह ने दिखाई प्रचार वाहनों को हरी झंडी

सतना। भारत सरकार द्वारा देश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सतना एवं मैहर जिले में 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक 40 दिवस चलेगी। सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ सिविल लाईन चौपाटी से शनिवार को सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में समारोहपूर्वक प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर सांसद श्री सिंह ने उपस्थित शहरवासियों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह,विधायक रैगांव प्रतिमा बागरी,स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी,कलेक्टर अनुराग वर्मा, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी आम नागरिक उपस्थित थे। सांसद गणेश सिंह ने सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने की जो योजनायें चलाईं हैं,उनके माध्यम से भारत देश विकसित देश होने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उन्होने कहा कि संपूर्ण देश में विकसित भारत के संकल्प की शुरुआत 15 नवंबर से की गई है। 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने से उन राज्यों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की जा रही है। उन्होने कहा कि भारत के ऐसे निर्माण की कल्पना की गई है जिसके हर घर में खुशहाली और समृद्धि का वास हो। सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा को जमीन पर उतारकर प्रधानमंत्री की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत योजना का लाभ प्राप्त करने वाले संतोष चौधरी को पीएम स्वनिधि योजना में 20 हजार रुपये,पुष्पेंद्र साहू को 50 हजार रुपये,रजनीश श्रीवास्तव को 10 हजार रुपये के चेक प्रदान किये गये। इसी तरह शहर के मेधावी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों में योगा क्षेत्र में सुश्री कृपा मिश्रा,क्रिकेट टीम के कप्तान बृजेश द्विवेदी,पर्वतारोही रत्नेश पांडेय और एनएसएस में उत्कृष्ट कार्य के लिये अर्चना कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

17 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अगले चरण में 17 दिसंबर को सोहावल विकासखंड में चोरबरी,भंवर,टीकर,नागौद में शिवराजपुर,दुआरीखुर्द,रामपुर बघेलान विकासखंड में रजरवार,अबेर, लखनवाह,उचेहरा विकासखंड में पिपरिया,आलमपुर और मझगवां विकासखंड में खरहा एवं सेजवार पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित होगी।

# प्रिज्म सीमेंट में 33वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन




**सतना।** भारतीय खान ब्यूरो,जबलपुर क्षेत्र के तत्त्वाधान में 33वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन 11 दिसंबर से 16 दिसंबर तक प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में किया जा रहा है। इस समारोह में जबलपुर क्षेत्र के विभिन्न खानों से सीनियर अधिकारियों के दल द्वारा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के खदानों का निरीक्षण 15 और 16 दिसंबर में किया गया। इस दल में कन्वेनर अमरेंद्र कुमार,वरिष्ठ प्रबंधक (खान)- मेसर्स एचसीएल लिमिटेड व साथी सदस्य श्रीधर पांडेय-मेसर्स एस एन एस मिनरल्स और संदीप महतो-मेसर्स मॉयल ने कंपनी की संचालित खदानों का निरीक्षण करते हुए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे प्रयासों व कार्यो पर संतोष जताया। इस अवसर पर काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कन्वेनर अमरेंद्र कुमार के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर तथा प्रिज्म स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गायन के साथ की गई। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के ए.जी.एम.जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण टीम के कन्वेनर अमरेंद्र कुमार ने खान पर्यावरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए पर्यावरण प्रबंधन योजना को अमल में लाने मे संतोष जताया। कंपनी के प्रेसिडेंट एवं तकनीकी प्रमुख-मनीष कुमार सिंह ने प्रिज्म द्वारा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी और साथ ही साथ वाटर मैनेजमेंट में किये गए कार्यो से प्राप्त पुरुस्कार के लिए सारे प्रिज्म परिवार को बधाई दी। उपाध्यक्ष(माइंस एवं एमआरएम)-विनोद श्रीवास्तव ने संचालित खदानों के पर्यावरण सम्बंधित विभिन पहलूओं पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारी-दीपक आही व ग्रुप द्वारा खान पर्यावरण से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।अनुकूल श्रीवास्तव द्वारा खान पर्यावरण पर गाना एवं नारायण शुक्ला ने कविता प्रस्तुत की। तत्पश्चात अपने कार्य क्षेत्र में ऊत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को पुरस्कृत भी किया गया।माइंस हेड चंद्र शेखर पंडित ने खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का महत्व बताते हुए सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम मे मंच का संचालन कमलेश सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण से हुआ।

# सीताराम विवाहोत्सव के लिए सज गई मैहर नगरी





### हाथी, घोड़ों तथा पालकी के साथ निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**मैहर।** माता की नगरी मैहर सीताराम विवाह महोत्सव के लिए पूरी तरह से सजकर तैयार है। रविवार को पूरे शहर में सीताराम विवाह की भव्य शोभायात्रा निकाली जानी है। इसके लिए पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा ट्रस्ट मैहर द्वारा प्रतिवर्ष श्री सीताराम विवाह महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा कार्यक्रम में नगरवासी भी बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। बड़ा अखाड़ा के महंत सीतावल्लभ शरण जू ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी तथा शोभायात्रा संयोजक नितिन ताम्रकार के साथ साझा प्रेस वार्ता कर इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्री सीताराम विवाह महोत्सव में 10 दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सीताराम विवाह की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तद्पश्चात अगले दिन से श्री राम यज्ञ,श्री राम कथा का लघु आयोजन किया जाएगा। नित्य दोपहर 3 बजे से सांय:7 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन होगा।

### भव्य होगी शोभा यात्रा

सीताराम विवाह शोभायात्रा संयोजक नितिन ताम्रकार ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा और भी भव्य होगी। शोभायात्रा हाथी,घोड़ा,पालकी,इंदौरी टोपो से पुष्पवर्षा,छत्तीस मुखी माँ काली की भव्य झांकी,बागेश्वर धाम के अनन्य भक्त का शंकर रूप,तथा अन्य आकर्षक झांकियों,ढोल,नगाड़ो एवं आतिशबाजी के साथ बड़ा अखाड़ा मैहर से होती हुई नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरेगी तथा वापस बड़ा अखाड़ा में समाप्त होगी।

### भगवान की पावपखरी

शोभा यात्रा वापस बड़ा अखाड़ा पहुंचने पर भगवान श्री सीताराम विवाह की पारंपरिक रस्मे भी निभाई जाएगी तथा भगवान की पावपखरी भी की जाएगी। बड़ा अखाड़ा महंत सीतावल्लभ शरण जू ने नगरवासियों से श्री सीताराम विवाह महोत्सव के सभी 10 दिवसीय कार्यक्रमो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। प्रेस वार्ता के दौरान बड़ाअखाड़ा महंत सीतावल्लभ शरण जू,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,शोभायात्रा संयोजक नितिन ताम्रकार,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,विश्वनाथ तिवारी,विश्वनाथ चौरसिया,दीपक अग्रवाल,महेश चौरसिया,बबला मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक एवं संतमण्डली उपस्थित रही।

# सतना के रामसजीवन मवासी की वाड़ी जैसे कार्य करने की आवश्यकता: सुनील कुमार

**सतना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) मध्यप्रदेश द्वारा सतना में दिनांक 14-15 दिसम्बर 2023 को दो दिवसीय टीडीएफ वाडी परियोजनाओं की अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के मुख्य महाप्रबन्धक सुनील कुमार तथा महाप्रबन्धक पंकज यादव की उपस्थिति में हुआ। नाबार्ड आदिवासी विकास निधि से वाड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन विभिन संस्थाओं के माध्यम से जनजातीय समुदाय को फलोद्यान के माध्यम से स्थायी आजीविक प्रदान करने हेतु प्रदेश के 30 जिलो में कुल 100 वाड़ी परियोजनाएं संचालित की जा रही है। इन्ही वाड़ी परियोजनाओं की समय-समय पर नाबार्ड समीक्षा बैठको का आयोजन करता आया है। इसी क्रम में उक्त दो दिनों की बैठक में सभी क्रियान्वयन संस्थाओं द्वारा अपने-अपने प्रस्तुतीकरण दिये गये जिसमें उनके अनुकरणीय कार्यो को सांझा करते हुए क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया जिसका कि अधिकारियों द्वारा निराकरण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य महा प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि वाड़ी परियोजनाओं के निर्धारित घटको जैसे उद्यानिकी,वानिकी पौधो का रोपण व उनका प्रबन्धक,मृदा संरक्षण एवं जल संसाधन विकास के कार्य,अन्तरवर्तीय फसलों का समावेश, भूमिहीन परिवारों के लिये आयमूलक गतिविधियाँ करना,स्वास्थ्य सुधार हेतु जागरुकता लाना,महिला सशक्तिकरण,प्रशिक्षण एवं सामुदायिक विकास करना,संस्थागत विकास जैसे वाड़ी टुकडी,ग्राम विकास समिति तथा परियोजना स्तरीय जनजातीय विकास समिति तथा किसान उत्पादक संगठन कर उनका नियमित सशक्तिकरण करना आवश्यक है साथ ही वाड़ी परियोजना के सतत एवं स्थायी आजीविका हेतु शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का अभिसरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसे सभी विभागों से समन्वय स्थापित करें। इसी क्रम में प्रतिभागियों के लिये क्षेत्र भ्रमण का भी आयोजन किया गया जिसमें सतना जिले के मझगवां विकास खण्ड में बाएफ लाइव्लीहुड्स द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही वाड़ी विकास परियोजना क्रमांक एमपी-82 के ग्राम अमीरती में सभी के द्वारा एक साथ भ्रमण कर वाड़ी प्रतिभागी रामसजीवन मवासी,शिवभजन सिंह गौंड की सर्वोत्तम वाड़ी,रामायण मवासी की मुर्गीपालन गतिविधि का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की गयी।

## खबर संक्षेप

### छत्रसाल मैदान में मनाया गया प्रहार दिवस



**पवई।** सन 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में विश्व के सबसे बड़े सैन्य आत्म समर्पण के रूप में विजय दिवस को मनाया जाता है, इस दिन भारत के सैनिकों के सामने 93 हजार सैनिकों ने आत्म समर्पण किया था,जिसके उपलक्ष्य में स्वयंसेवक अपने दंड के माध्यम से सामूहिक रूप से अपनी-अपनी शाखों में प्रहार लगाते हैं जो शौर्य और पराक्रम का परिचायक है शनिवार को पवई महाराजा छत्रसाल मैदान में भी यह प्रहार दिवस सुबह 7:30 बजे से मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवक मौजूद रहे द्य प्रतिवर्ष पूरे देश में मनाया जाता है।

### पंडवन नदी पुल के नीचे मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उडल ग्राम के समीप निकली पंडवन नदी में पुल के नीचे एक 22 वर्षीय युवक की लाश मिलने से थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक आनंद सिंह यादव पिता गजराज सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी सिरसी हाल निवास रामपुर बताया जा रहा है जिसकी लाश नदी में मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया एवं सुनवानी थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ ने मौका मोआइना किया एवं संदिग्ध अवस्था में पड़ी लाश को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस की माने तो प्रथम दृष्टि में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि युवक की मोटर बाइक पुल के ऊपर ही खड़ी थी और युवक की लाश पुल के नीचे नदी में पड़ी मिली।

### समस्त धर्म गुरुओं की उपस्थिति में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में आयोजित की गई मीटिंग

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर ध्वनि तीव्रता का निर्धारण

**पन्ना।** प्रायः देखने में आ रहा है कि तय सीमा से ज्यादा ध्वनि से मनुष्यों की काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। कोलाहल पूर्ण वातावरण के कारण कई प्रकार की बीमारियों (उक्त रक्तचाप, बेचौनी, मानसिक तनाव तथा निद्रा आदि) के प्रभाव शरीर में पाए जाते हैं। इसी संबंध में म.प्र. शासन की मंशा अनुरूप वरिष्ट अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय दंडाधिकारी पन्ना अशोक अवस्थी एवं अजयगढ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया द्वारा पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में पन्ना जिले के समस्त धर्मगुरुओं की मीटिंग ली गई। मींटिंग में अजयगढ एसडीओपी पन्ना द्वारा जिले के समस्त धर्म गुरुओ से जानकारी साझा करते हुये बताया गया कि मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण नियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि किसी भी धार्मिक स्थलो अथवा अन्य स्थानों में निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों ( लाउडस्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जाये। लाउडस्पीकर/डी.जे. एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरुद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णतरू प्रतिबंधित किया गया है। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउडस्पीकर के वैधानिक उपयोग की जांच के लिए सभी जिलों में उड़न दस्तो का गठन किया गया है। जो नियमित और आकस्मिक रूप से समस्त धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों जहाँ पर



ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है का निरीक्षण करेंगे तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में उचित वैधानिक कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करेगें। अजयगढ एसडीओपी द्वारा सभी धर्म के धर्म गुरुओं से संवाद के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रो को धार्मिक स्थलों से हटाने अथवा तय ध्वनि सीमा में उपयोग किये जाने की समझाइश देते हुये बताया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशानिर्देशो को ध्यान में रखते हुये ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 यथा संशोधित के नियम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों जैसे औद्योगिक क्षेत्र में दिन के समय 75 डेसीबल व रात के समय 70 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में दिन के समय 65 डेसीबल व रात के समय 55 डेसीबल, रिहायशी क्षेत्र में दिन के समय 55 डेसीबल व रात के समय 45 डेसीबल व शांत क्षेत्र में दिन के समय 50 डेसीबल व रात के समय 40 डेसीबल ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है सभी लोग वर्गीकृत क्षेत्रानुसार निर्धारित ध्वनि सीमा में ही ध्वनि यंत्रों का उपयोग करना सुनिश्चित करेगें।

## पवई विधायक ने नारियल फोड़कर किया हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन



### सुंदर व आकर्षक बनेगा हनुमान मंदिर

**पवई।** जगदीश स्वामी मंदिर परिसर पवई में प्राचीन हनुमान मंदिर का सुंदर व आकर्षक ढंग से निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, कुछ माह पूर्व विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा की गई थी ,कि विधायक बनते ही हनुमान मंदिर का नवीन निर्माण कार्य करवाया जाएगा। जिसको लेकर पवई विधायक शनिवार को जगदीश स्वामी मंदिर परिसर पहुंचे व पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर नवीन मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वसंत दहायत नगर परिषद अध्यक्ष, अनूप पाठक मंदिर पुजारी, सहित भाजपा कार्यकर्ता पत्रकार मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विधायक द्वारा वीते अपने विधायकी कार्यकाल में वनोली कुआताल में माता कंकाली मंदिर एवं परिसर में ही हनुमान मंदिर, कल्दा में माता शबरी मंदिर के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों में भी मंदिर निर्माण कार्य कराए गए हैं।

## सर्व समुदाय के लोग एवं धर्मगुरुओं सहित डीजे संचालक रहे मौजूद, मुख्यमंत्री के आदेश को लेकर हुई चर्चा



**अमानगंज।** थाना परिषर में तहसीलदार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जहां नगर अमानगंज सहित थाना क्षेत्र के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक एवं धर्मगुरु सहित डीजे संचालकों की मौजूदगी में तहसीलदार एवं थाना प्रभारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश को लेकर सभी से चर्चा कर नियम कानून का पालन करने के लिए आग्रह किया एवं आपसी सामंजस्य बैठाकर कार्य करने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक जगह पर शहर के बीचो-बीच मांस मछली आदि की दुकान नहीं संचालित की जाएंगी जिसको लेकर सभी ध्यान रखें। खुले बाजार में कहीं पर भी यह व्यापार ना दिखे। साथ ही उपस्थित प्रशासन ने सभी समुदाय के लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर आदेशित किया है कि किसी भी धार्मिक संस्थान एवं अन्य जगहों पर ध्वनिविस्तारक यंत्र नहीं बजाये जाएंगे।

### सीएम की सोच से कार्यप्रणाली भी अलग अंदाज में

कानून व्यवस्था का पालन कराने को लेकर पुलिस की भूमिका बाखूबी होती है। मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया ने जहां पुलिस विभाग के मुखिया व आईपीएस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपनी सोच बयां कर दी है। जिसके चलते अब प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी पुलिस की कार्यप्रणाली अलग ही जानी जा सकती है। अपराधों को रोकने व अपराधी पर पुलिस की कड़ी कार्यवाही भी दिशा तय कर सकती है। पुलिस की कार्यप्रणाली से ही कानून का राज स्वमेव जाना जायेगा।

**पन्ना।** प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस विभाग के महानिदेशक तथा आईपीएस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपनी मंशा कार्यप्रणाली को लेकर अवगत करा दी। जिसके चलते प्रदेश में कानून व्यवस्था का पालन कराये जाने को लेकर जहां पुलिस की भूमिका जो स्वमेव जानी जाती है। कानून का राज पुलिस की कार्यप्रणाली से ही जाना जाता है। क्योंकि सुरक्षा व सुखमय हालात को लेकर पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अपराधों को रोकने के लिए वहीं अपराधी पर सख्त कार्यवाही के लिए पुलिस के दायित्व ही सामने आते है। जिससे आम आदमी का भरोसा कानून पर कायम होता है। गौरतलब बात यह है कि चुस्त-दुरूस्त प्रशासन पुलिस के कार्तव्यों से ही स्वमेव सामने आता है। अब देखना यह है कि जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली अपराधों को रोकने में कितनी कारगर साबित होगी वहीं आने वाले समय में लोकसभा चुनाव को लेकर जहां कानून व्यवस्था के माध्यम से ही मध्यप्रदेश सरकार की साख को लेकर आगे परिणाम के लिए जो लक्ष्य तय किया जा रहा है यह भी कहीं न कहीं अपने आप में जाना जायेगा। पुलिस की जिम्मेदारी जवाबदेही के साथ संवेदनशीलता को लेकर मानी जायेगी। सतत मॉनीटरिंग वहीं सुरक्षा का दायित्व कर्तव्य पालन से ही जिले में सामने आयेगा। जिस तरह से प्रदेश सरकार के मुखिया सीएम डॉ. मोहन यादव ने पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करके आईपीएस अधिकारियों व जिले के पुलिस अधीक्षकों से भी बात करके दिशा दी है निश्चित ही इसके परिणाम जाने जायेगें।

## मानदेय अच्छा तो ड्यूटी करने के लिए चहेते वहीं, न्यूनतम मानदेय में होते हैं चहेते गायब



**पन्ना।** शिक्षा विभाग जोकि जीवन के मूल्यों को स्वयं ही निखारता है तथा कर्तव्य बोध व कर्तव्य निष्ठ की शिक्षा की दिशा तय करते है शिक्षक वहीं ईमानदारी का पाठ भी पढ़ाया जाता है। शिक्षा संस्कार को लेकर शिक्षक ही देश के भावी नागरिकों का निर्माण करते है। पर जब शिक्षक ही मानदेय को देखकर कर्तव्य निभाने को लेकर चल पड़े तो फिर क्या भविष्य तय होगा सवालिया निशान?मामला पन्ना जिले में लोकसेवा आयोग के माध्यम से आयोजित होने वाली परीक्षा पी.एस.सी. के केन्द्रों में ड्यूटी करने को लेकर खेल के रूप में अक्सर खेला जाता है। जो इस बार भी चर्चा में है। गौरतलब बात यह है कि इस परीक्षा में ड्यूटी करने के लिए मानदेय जो मिलता है वह अच्छा खासा माना जाता है। वहीं जिन परीक्षाओं में मानदेय कम होता है या मिलने की बात ही नहीं होती तो यहां ये कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक ड्यूटी करने से परहेज करते है। आखिर जब शिक्षा विभाग में इस तरह शिक्षकों के द्वारा ही कार्यप्रणाली को अंजाम दिया जायेगा तो फिर संदेश क्या जाना जाये। क्या शिक्षक पैसे के पीछे ड्यूटी करने के लिए अब अपने आप को सुपरमैन साबित करना चाहते है या कि शिक्षा विभाग में संस्कार तथा जीवन निर्माण की मूल्य निष्ठ शिक्षा देने को लेकर अपना दायित्व निभाने के लिए उचित मानेगें। आखिर जिले में शिक्षा विभाग से ही विकास की आधार की दिशा तय होती है शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है वहीं जिले में शिक्षा विभाग की एक गरिमा अन्य विभागों से अलग ही जानी जाती है पर जब इस तरह के हालात ड्यूटी को लेकर खेल खेले जाये तो फिर जिले में अलग ही जनचर्चा का विषय बन कर यह बात स्वमेव विभाग से ही बाहर चर्चा का विषय बनती है। आखिर कौन लगाता है ड्यूटियां पी.एस.सी. परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा कराने के लिए शिक्षको की ड्यूटियां यह लिस्ट कौन भेजता है। यहां ये चेहरे जो इस पी.एस.सी. परीक्षा में ड्यूटी करने के लिए उचित माने जाते है क्या अन्य परीक्षाओं को सम्पन्न करान के लिए इनसे परहेज फिर क्यों कर लिया जाता है। सूत्रों की माने तो

### जिन परीक्षाओं में कम पैसे उसमें ये कर्तव्यनिष्ठ गायब हो जाते हैं ड्यूटी करने से

पैसे के पीछे ड्यूटी का खेल यानि की शिक्षक अब पैसे के पीछे ड्यूटी करने के लिए कहीं ड्यूटी लगवाने के लिए बचैन माने जाते है तो कहीं जहां जिन परीक्षाओं में पैसा नाममात्र का मिलता है वहां ड्यूटी न लगे इसको लेकर भी जुगाड करते है यानि की पैसे के पीछे भागता हुआ शिक्षा विभाग का शिक्षक क्या जिले में शिक्षा की गरिमा को शिक्षा के माध्यम से मूल्यनिष्ठ दिशा तय कर पायेगा। जो शिक्षक राष्ट्र गुरू कहलाते है यहां जिले में क्या संदेश देना चाहते है। क्या पी.एस.सी. परीक्षा केन्द्रों में जिनकी ड्यूटी लगाई जाती है ये चहेते होते है या पहुंच वाले। कौन है इनके ऊपर मेहरबान देखना यह है कि क्या जिन परीक्षाओं में न्यूनतम राशि मिलती है उसमें भी इन जिम्मेदारों की ड्यूटियां लगाई जायेगी यह तो वक्त ही बतायेगा साथ ही इस संबंध में जिले के शिक्षा विभाग के मुखिया से बात की गई।

### इनका कहना है-

मेरे पास तो सूची आती है मैं अनुमोदित करता हूं।

**सूर्यभूषण मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना**

अब यहां सवाल यह उठता है कौन सूची बनाता है आखिर विभाग का ही खेल संदेश जिले में क्या देना चाहते है यह तो विभाग ही जाने।

## गरीब कल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में आया बदलाव- सांसद




पन्ना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्तियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ मिलने से गरीब व वंचित परिवार के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। अब शेष वंचित परिवार और हितग्राहियों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ आसानी से पहुंच सके, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

यह बात सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर के माध्यम से नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक दिवस दो-दो ग्राम पंचायतों में यात्रा पहुंचेगी। आईईसी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का लघु फिल्म के जरिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील रहने के कारण पांच राज्यों में 16 दिसम्बर से शुरू की गई यह यात्रा 26 जनवरी तक संचालित की जाएगी। इस यात्रा में लोग उत्साह के साथ शामिल हों और यात्रा के स्वागत के साथ-साथ सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से सेल्फी व फोटो अपलोड करने तथा क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता करें। सांसद ने अधिकारी-कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों से भी गांव-गांव और घर-घर तक यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक और सूचित करने तथा अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित




हितग्राहियों को आवश्यक प्रयास कर लाभांवित करने का आग्रह किया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना सहित भारत सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील भी की। विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने शिविर के अलावा प्रत्येक परिवार तक सर्वे के माध्यम से योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही। कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने वंचित लोगों तक सेवाभाव के साथ जनहितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आग्रह किया। गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए आमजनों तक यात्रा व अभियान के बारे में मुनादी तथा अन्य माध्यमों से सूचना दी जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए भी कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं यात्रा के नोडल अधिकारी संघ प्रिय ने कार्यक्रम में जिले की सभी 386 ग्राम पंचायतों तक यात्रा के आगमन संबंधी तैयारियों और नागरिकों को मिलने वाले लाभ तथा अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा के लिए सात आईईसी वैन प्राप्त हुई हैं। नगरीय निकायों में 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक पृथक से प्रचार वैन भेजी जाएगी। अभियान में मिलने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन को देखा और सुना। शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक पवई प्रह्लाद लोधी, राजनगर अरविन्द पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव एन.बी.एस. राजपूत, कलेक्टर हरजिंदर सिंह सहित रामबिहारी चौरसिया, सतानंद गौतम, रामऔतार पाठक, बृजेन्द्र गर्ग तथा बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही व आम नागरिक एवं पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### झोलाछाप डॉक्टर बोला, सीएमएचओ मेरे यहां कार्यवाही करने नहीं आ सकते?

**सटई/ईशानगर।** ईशानगर स्वास्थ्य विभाग बीएमओ डॉक्टर गिरीस साहू और जिला स्वास्थ्य एवम चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लखन तिवारी के संरक्षण में जिले के मातगुवां कस्बे में बिना डिग्रीधारी फेल झोलाछाप चांदसी डॉक्टर ने कहा कि मैं झोलाछाप डॉक्टर जरूर हूं, मगर मैं सबको साथ लेकर चलता हूं। स्वास्थ्य विभाग की टीम हो या सीएमएचओ मेरे यहां कार्रवाई करने नहीं आ सकते है। यह कहना है मातगुंवा से बिजावर रोड़ पर कार्य कर रहे झोलाछाप डॉक्टर पंकज राय का, जिन्होंने सीधे तौर पर जिला प्रशासन और स्वस्थ विभाग को चुनौती दे डाली है। दरअसल विगत कुछ महीनों से छतरपुर सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी झोलाछाप डॉक्टरों से वसूली करने को लेकर चर्चा में है। उनके द्वारा की गई वसूली के किस्से झोलाछाप डॉक्टर्स खुद बता रहे है। उनका साफ कहना है इनसे पहले भी सीएमएचओ रहे है पर उनका कभी हमें सहयोग नहीं मिल पाया वो लोग अक्सर कार्यवाही कर देते थे। पर जब से डॉक्टर लखन तिवारी सीएमएचओ बने है तब से हमारी प्रैक्टिस खूब चल रही है। जब झोलाछाप डॉक्टर पंकज राय से पूछा कि सीएमएचओ की इतनी मेहरानी क्यूं तो उन्होंने बताया की उन्होंने एक नियम बनाया है की एक साल का पैसा जमा करो और खूब प्रैक्टिस करो,इस इस अवधी में कोई कार्यवाही नहीं होंगी।

### पत्नी से विवाद होने के बाद पति ने खाया जहर, मौत

**छतरपुर।** पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद नाराजगी के चलते पति ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महोबा निवासी दीपक राठौर पुत्र इंद्रजीत राठौर कभी-कभार शराब पी लेता था, जिस कारण से उसकी पत्नी उसके साथ विवाद करती थी। बीते रोज जब दीपक शराब पीकर घर आया तो पत्नी के साथ विवाद हो गया और इसी विवाद के बाद नाराजगी में दीपक ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के बाद दीपक के पिता इंद्रजीत राठौर उसे छतरपुर जिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 68वें मेला वीक क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**छतरपुर।** जिले के नौगांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में 68वें मेला वीक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह (भंवर राजा) ने खिलाडियों से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। तत्पश्चात मुकाबलों की शुरुआत हुई। प्राप्त जानकारी में बताया कि शनिवार को राजा यादवेन्द्र सिंह जू देव स्टेडियम में 6-6 ओवर के चार मैच खेले गए जिसमें पहला मैच डॉ के.एन.मैमोरियल स्पोट्स और के.डी.स्पोट्स के मध्य खेला गया जिसमें डॉ.के.एन.मैमोरियल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ केएन मैमोरियल ने निर्धारित छः ओवरों में 02 विकेट के नुकसान पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 54 रन बनाए जिसके जवाब में केडी स्पोट्स लक्ष्य का पीछा करते हुए छः ओवरों में 05 विकेट खोकर महज़ 32 रन ही बना सकी और डॉ के एन मैमोरियल ने यह मैच 22 रनों से जीत लिया। इसी तरह दूसरा मैच दूसरा मैच अभय इलेवन और लगान क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमें लगान क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच लकी इलेवन और रॉयल इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें रॉयल इलेवन विजयी रही।

## एक पटवारी हैं, तो दूसरे तहसीलदार

# रोड पर ही मकान बनाने अड़े सरकार

जब बाड़ ही खेत को खाने लगे, तो खेत क्या करे यह कहावत राजस्व विभाग में ही पदस्थ एक पटवारी तो दूसरे तहसीलदार के कारनामों पर बिल्कुल सटीक बैठती है।

छतरपुर।



यह मामला है बाहुबली पुरम् कालोनी का जो तहसील छतरपुर के प. ह. नं. 51 में खसरा क्रं.2970/3/2/1ख,2970/2/2/ख एवं 2970/3/2/1ग में नगर पालिका छतरपुर के वार्ड क्रमांक 15 में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बगल में संकटमोचन मार्ग पर स्थित हैं। यहाँ कई महीने पहले कालोनी रहवासियों को कालोनी विकास के लिए नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय छतरपुर से जारी आदेश व स्वीकृत हुए। प्रस्तावित ले आउट में प्रस्तावित रोड को ही विक्रय करने की जानकारी लगी थी। जिसकी जानकारी कालोनी रहवासियों ने नगरपालिका, तहसील, कलेक्टर कार्यालय छतरपुर को शिकायती आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की। जिसमें संबंधित दोषियों पर आज दिनांक तक संबंधित अधिकारीयों व्दारा न कोई कानूनी कार्यवाही की गई न ही उनके कारनामों पर रोक लगाने के प्रयास किये गये। इस मामले में कई बार आवेदन देने के बाद भी कानूनी कार्यवाही न होने की जो वजह सामने आई है। उसमें राजस्व विभाग में ही पदस्थ पटवारी सुखदेव यादव व तहसीलदार आनंद जैन का नाम सामने आ रहा है। जिन्होंने अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति करने कॉलोनाइजर अभय कुमार जैन के साथ मिलकर कालोनी के रोड का सौदा तय कर रजिस्ट्री करवा ली और अपने पद व विभाग का दुरूपयोग करने के लिए कालोनी के उस रोड पर अबैध निर्माण करने की जिम्मेदारी ले ली, जो नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय छतरपुर से स्वीकृत ले आउट में पहले से ही दूसरे मुख्य रोड के रूप में चिन्हित है। लेकिन तहसीलदार आनंद जैन ने यह जिम्मेदारी बखूबी निभाई जो उनके व्दारा रोड पर बनाई गई वाऊंड्री से स्पष्ट हो रहा है। इसके बाद पटवारी सुखदेव यादव ने अपनी जिम्मेदारी संभाली और रात्रि में उक्त रोड पर बोरवेल कर मकान निर्माण करने की तैयारियां शुरू कर दीं है। जिसकी जानकारी बाहुबली पुरम् कालोनी रहवासीयों ने शुक्रवार को सीएमओ नगर पालिका छतरपुर, तहसीलदार, एसडीएम, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश एवं कलेक्टर छतरपुर के नाम आवेदन देते हुए अबैध निर्माण हटाने व उस पर रोक लगाने की मांग करते हुए संबंधित दोषियों पर कानूनी कार्यवाही करवाने की मांग की है। अबैध निर्माण के मामले में राजस्व विभाग के पटवारी व तहसीलदार का नाम सामने आने से जन चर्चा में यह कहावत कही सुनी जा रही है। जिससे शासन प्रशासन की छबि धूमिल हो रही है।

# अस्पताल परिसर में बीएमओ द्वारा सरकारी आवास में देखे जा रहे नजराने वाले मरीज



सटई ।

बीएमओ डॉक्टर आशीष चौरसिया बिजावर स्वास्थ्य केंद्र में एक लंबे समय से पदस्थ है। सरकारी क्वार्टर में सुविधा शुल्क वाले मरीज देखने में जबरदस्त प्रेक्टिस करते है। बीते कुछ माह पहले डॉक्टर आशीष चौरसिया को बीएमओ सटई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का चार्ज मिला था। डॉक्टर आशीष चौरसिया अस्पताल और क्षेत्र में सेवाएं न देकर सुविधा शुल्क वाले मरीजों में दिन-रात सेवाएं देते हैं। बीएमओ डॉ. आशीष चौरसिया को अपने ब्लॉक के क्षेत्र से कई मतलब नही है। बीएमओ पर आरोप है कि क्षेत्र के बिना डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टरों एवं फर्जी क्लीनिकों से अवैध मंथली वसूली करते है।

### फीलगुड कर भेजी जाती है पूरी हाजिरी

सटई ब्लॉक के अंतर्गत अस्पतालों में पदस्थ डॉक्टर हफ्ते में चाहे एक दिन आए या फिर महीनें चार दिन, लेकिन उनकी महीनें भर की उपस्थिति जिला मुख्यालय भेजी जाती है। यह उपस्थिति भेजने में बीएमओ डॉ. आशीष चौरसिया फीलगुड करते हैं, तभी सभी डॉक्टरों की हजिरी प्रतिवेदन पूरे माह का भेजने का आरोप लग रहा है।

### इनका कहना है

बीएमओ ने बताया कि मेरे पास बहुत ज्यादा काम रहते है, समय मिलने पर टीम बना देंगे। ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्र खुल रहे है। प्रैक्टिस के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

**डॉक्टर आशीष चौरसिया**
**बीएमओ, सटई**

# जिला अस्पताल की 5 में से 4 लिफ्ट बंद

## चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों को हो रही परेशानी




छतरपुर।

चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों के लिए जिला अस्पताल में लगाई गई लिफ्ट मशीनरी खराब होने के चलते वर्तमान में यहां आने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार अस्पताल प्रबंधन से इस आशय की शिकायतें भी की जा चुकी हैं लेकिन अभी तक लिफ्ट का सुधार कार्य नहीं कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मरीजों की सुविधा हेतु जिला अस्पताल परिसर में कुल 5 लिफ्ट लगाई गई हैं जिनमें से वर्तमान में 4 लिफ्ट खराब पड़ी हैं और मरीज के परिजन स्ट्रेचर तथा रैंप के माध्यम से मरीजों को तीसरी और चौथी मंजिल तक ले जा रहे हैं। इसके अलावा ब्लड प्रेशर और हार्ट के मरीजों को भी सीढय़ों से आने-जाने में परेशानी हो रही है। शनिवार को जिला अस्पताल आए अंकित खरे ने बताया कि वह अपने भाई का इलाज कराने आया है जो कि बीपी के मरीज हैं। लिफ्ट खराब होने के कारण उन्हें सीढिय़ों से ऊपर जाना पड़ा जिसमें उन्हें काफी दिक्कत हुई। इसी तरह पीर मोहम्मद और फहीम खान ने भी लिफ्ट न होने के कारण परेशानी बताई।

# बच्चों के विकास में शिक्षकों-अभिभावकों की बराबर भागीदारी: एचएस दीक्षित




### अभिभावक सम्मेलन में सम्मानित हुए बच्चे और उत्कृष्ट शिक्षक

छतरपुर।

विगत रोज जिला मुख्यालय से सटे शासकीय माध्यमिक शाला हमा में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था सार्थक पहल संस्थान की जिला इकाई का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि हटवारा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एचएस दीक्षित ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी बराबर की जिम्मेदारी है। संरक्षक पूर्व प्राचार्य निवारी आभा श्रीवास्तव, डॉ रचना चौरसिया ने भी अपने विचार रखे। डेढ़ दर्जन विशिष्ट छात्र छात्राओं और अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

जानकारी के मुताबिक हमा विद्यालय में अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन के पीछे यह उद्देश्य था कि अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों से अवगत हो और उनके विकास में सहभागी बने। सार्थक पहल संस्था की फाउंडर अंबिका श्रीवास्तव ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सामाजिक संस्था ने संकुल प्राचार्य श्री दीक्षित के अलावा पूर्व प्राचार्य श्री द्विवेदी का शाल श्रीफल से सम्मान किया। वहीं विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने में अपना योगदान देने वाले प्रधानाध्यापक शिवलाल कोल, शिवदेव दीक्षित, ममता कुशवाहा, देवेंद्र चौरसिया, राजकुमार अहिरवार, कुमकुम प्रजापति, उर्मिला प्रजापति, अमिता त्रिपाठी को भी सम्मानित किया। संस्थान की ओर से विद्यालयीन गतिविधियों में हमेशा हिस्सेदारी करने वाले शंकराचार्य राज्य सम्मान से सम्मानित डॉ बालेंदु शुक्ला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक और विद्यालय के बच्चे वह स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




गढ़ीमलहरा।

थाना पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही को पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा चलाए जा रहे फरार बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अंजाम दिया गया है। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिलाबदर आरोपी जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर थाना क्षेत्र की सीमा में घूम रहा था। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली वैसे ही रात्रि गश्त में लगे पुलिसकर्मियों ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर, जनक सिंह, किशोरी लाल और हजरत अली की सराहनीय भूमिका रही।

## तीन दिन से लापता है पत्नी, पति ने एसपी को सुनाई फरियाद

# दो युवकों पर जताया संदेह, तलाश कराने की मांग



छतरपुर।

सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कदवां निवासी युवक ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि उसकी पत्नी पिछले तीन दिनों से लापता है। इस आशय की शिकायत उसने सटई थाने में की थी लेकिन पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। पीड़ित ने दो युवकों पर पत्नी को भगा ले जाने का संदेह भी जाहिर किया है।

कदवां निवासी राजू यादव ने बताया कि वह गांव में खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी जमीन के पास में एलएल तिवारी की कृषि भूमि है, जिसे श्री तिवारी के द्वारा ग्राम खरोंही निवासी उत्तम पटेल और हक्कू पटेल को ठेके पर दिया गया है। आसपास खेत होने के कारण उत्तम पटेल और हक्कू पटेल की उसके परिवार के साथ नजदीकी थी और दोनों अक्सर उसके खेतों पर आते-जाते थे। इसी दौरान दोनों युवकों की नजदीकी उसकी पत्नी रानी यादव के साथ बढ़ी। 13 दिसंबर को उसकी पत्नी रानी नित्यक्रिया के लिए जाने की बात कहकर निकली और इसके बाद से घर नहीं लौटी है। राजू यादव को संदेह है कि उत्तम पटेल और हक्कू पटेल उसकी पत्नी को भगा ले गए हैं। एसपी को आवेदन देकर राजू ने पत्नी की तलाश कराने की मांग की है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## मोदी को लाइव सुनकर हितग्राहियों ने बताई अपनी



छतरपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। नगरपालिका छतरपुर के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं अन्य अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर जिले के आठ विकासखण्डों में योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को रवाना किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम म.प्र. के उज्जैन मे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार सहित अनेक लोग मौजूद थे। विकसित भारत संकल्प भारत यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैंप, पीएम स्वनिधि, कृषि विकास सेवाएं, आयुष्मान एवं उज्जवला योजना के स्टालों का मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन्द्र कुमार और अन्य अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लाभार्थी श्रीमती प्राची त्रिपाठी, पूनम द्विवेदी, विनीता सिंह सेंगर और वंदना द्विवेदी को रसोई गैस कनेक्शन वितरित किये। कार्यक्रम में डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### सूफी इकरा समिति व नेशनल अस्पताल

**रीवा।** सूफी इकरा समिति और नेशनल अस्पताल रीवा के सौजन्य से रीवा के घोघर स्कूल में विशाल स्वास्थ्य शिविर होने जा रहा है इसमें नेशनल अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर अखिलेश पटेल जो जनरल सर्जरी एवं कैंसर सर्जरी से संबंधित मरीजों की जांच एवं परीक्षण करेंगे डॉक्टर मनोज इंदुरकर सर एवं डॉक्टर उमेश प्रताप सिंह सर मेडिसिन विभाग में मरीजों को सेवाएं देंगे साथ ही साथ शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर वाद त्रिपाठी सर मरीजों की जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे इस शिविर में आर्थोपेडिक के डॉक्टर डॉक्टर विमल सिंह गायनी के डॉक्टर डॉक्टर पूजा गंगवार एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप सिंह भी अपनी सेवाएं देंगे यह सिविल पूर्णता निशुल्क रहेगा इस शिविर में कैंसर की जांच सामान्य मेडिसिन से संबंधित जांच एवं महिलाओं में बच्चेदानी से संबंधित जांच जिसे पाइप इंजीनियर कहते हैं एवं पुरुषों में होने वाले मुंह के चले जो कि कैंसर की शुरुआती लक्षण को बताते हैं उसकी जांच की जाएगी साथ ही साथ दमा के मरीजों को पानमल्टी फंक्शन टेस्ट जो की एक विशेष प्रकार की मशीन है वह भी जांच निशुल्क शिविर में उपलब्ध रहेगी डॉ विमल सिंह जो की ऑर्थोपेडिक सर्जन है उनके माध्यम से बोन मैरो डेंसिटी जिससे हड्डियों का घनत्व भी जांचा जाएगा यह उम्र बढ़ाने के साथ-साथ हड्डियों का घनत्व जनता में काम होता जाता है जिससे कई तरह की बीमारियां होती है इस मशीन के माध्यम से हम मरीजों को बीमारी का पहले ही पता लगा सकते हैं साथ ही साथ एक शुगर बीपी ऑक्सीजन की क्षमता मरीज का वेट हाइट एवं अन्य और कई जांच शिविर में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगे साथ ही साथ दावों का वितरण भी निशुल्क किया जाएगा शिविर का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा।

### कोतवाली अनूपपुर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर बैठक संपन्न

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अंजलि द्विवेदी, तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा अनूपपुर, एसडीओपी अनूपपुर, कोतवाली निरीक्षक अनूपपुर अमर वर्मा, पटवारी रूपनारायण प्रजापति एवं मंदिर, मस्जिद के धर्म गुरुओं की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में मध्यप्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश उपरांत मध्यप्रदेश शासन द्वारा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध उपयोग पर नियंत्रण हेतु जारी निर्देश बताए गए। बैठक में कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अमर वर्मा ने कोतवाली क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर के बेजा इस्तेमाल रोकने के संबंध में प्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश वाले परिपत्र से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में मंदिर एवं मस्जिद के धर्मगुरु उपस्थित हुए। सभी धर्म गुरुओं ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में जारी निदेर्शों का पालन किए जाने हेतु सहमति प्रदान की। मंदिर-मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों को चिन्हित कर उन्हें रोका जाएगा। आवासीय क्षेत्रों में पचास डेसिबल दिन में और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होना चाहिए। साइलेंट जोन में यह सीमा दिन में पचास और रात में चालीस रहेगी। कामर्शियल क्षेत्रों में दिन में 65 और रात में 55 से अधिक नहीं रहेगी।औद्योगिक क्षेत्रों में दिन में 75 और रात में 70 डेसीबल से अधिक शोर नहीं होना चाहिए। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी।

### गैस सिलेंडर में लगी आग, किराना सहित अन्य सामान जलकर खाक

**कोतमा।** शुक्रवार की शाम लगभग सात बगैहा गांव निवासी रामगोपाल साहू के खपरैल मकान में रसोई में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई जिसके कारण रसोई में रखा किराना सामान सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रथम नगर आगमन पर पार्टी कार्यालय

# अटल कुंज में आयोजित हुआ अभिनन्दन समारोह

**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश नव नियुक्त उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का उप मुख्यमंत्री बनने के बाद आज प्रथम नगर आगमन हुआ।**

रीवा !





इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिला सह मीडिया प्रभारी विवेक पाण्डेय छोटू ने बताया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात नव निवार्चित उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आज प्रथम नगर आगमन हुआ जहां शहर के प्रवेश द्वार बेला से कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत जगह जगह हुआ। पार्टी कार्यालय अटल कुंज में राजेन्द्र शुक्ला अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने किया। अभिनन्दन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी, पंचूलाल प्रजापति, श्यामलाल द्विवेदी,नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता राम सिंह, रमेश गर्ग, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, रावेंद्र मिश्रा, राजेंद्र ताम्रकार, विमलेश मिश्रा जिला महामंत्री ममता गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह चंदेल , शिवेंद्र सिंह उपस्थित रहें। अभिनन्दन समारोह में सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह द्वारा शाल,श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया तत्पश्चात पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गजमाला एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया गया। अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि यह हमारे साथ साथ विन्ध्य के लिए गौरव का विषय है कि केन्द्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व द्वारा विन्ध्य को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। जिस भरोसे एवं उद्देश्य के साथ आप सबने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में रीवा के साथ साथ विन्ध्य में अपार जनादेश देकर पुनः प्रदेश में सरकार बनाई है उन सब को पूर्ण किया जायेगा। रीवा जिले में उद्योग, सिंचाई, सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में जो भी संभावनायें होगी उनको पूर्ण किया जायेगा।अभिनंदन समारोह के तहत पार्टी कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया था। अभिनन्दन समारोह में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष माया सिंह,जयंत खन्ना, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह, राहुल गौतम, संजय द्विवेदी, उमाशंकर पटेल,मनीषा पाठक, जिला मंत्री शरद साहू,अशोक सिंह गहरवार,सुनील सोहगौरा,नीलू रावत, मीनाक्षी केशरवानी,प्रवीण त्रिपाठी, महेश चंद्र रल्ही,वंशगोपाल तिवारी,जिला कोषाध्यक्ष सन्तोष तिवारी,जिला कार्यालय मंत्री वीरेश पांडेय, सह कार्यालय मंत्री जय प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डॉ अनिल द्विवेदी, सह मीडिया प्रभारी अरूण तिवारी , विवेक पांडेय छोटू , जिला संयोजक सोशल मीडिया क्रांतिवीर सिंह, जिला संयोजक आई टी नवीन शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सन्तोष सिंह सिसोदिया, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवेंद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रशांत पाठक,जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा रविराज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा सियाशरण साकेत, जिला संयोजक नवीन शर्मा, रीतेश मिश्रा, अरूण शर्मा, रत्नेश तिवारी, नीलेश शुक्ला, प्रदीप सिंह, गीता सिंह, सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने नई मंडी प्रांगण से दिखाई 12 वाहनों को हरी झंडी, किया रवाना

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

### प्रदेश भर के किसानों को मिली एक बड़ी सौगात

रीवा !



जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा नई मंडी प्रांगण से किया गया।कार्यक्रम में रीवा सांसद जनार्दन मिश्र, संभाग के कॉमिसिनर अनिल सुचारी एवं जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल,कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि एवं सभी अधिकारी के साथ नगर के आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिसमें नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा तरल रसायन के छिड़काव हेतु ड्रोन का प्रदर्शन किया गया, जिसमें कृषकों द्वारा गहरी रुचि ली गई। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश सरोंजा एवं जिला प्रभारी प्रतीक दुबे द्वारा ड्रोन का संचालन , ड्रोन की कार्यप्रणाली एवं इसके उपयोग से होने वाले लाभ को समझाया गया एवं बताया गया कि शासन द्वारा रीवा जिलों मे निर्धारित मार्ग पर समस्त ब्लॉक की समस्त पंचायतों में कृषि विभाग के निर्देशानुसार कल से दिनांक 25.01.2024 तक कृषकों के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने वर्चुअल किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ने के लिए आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रीवा से भी किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल यात्रा में शामिल होकर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रीवा के सिरमौर चौराहे में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सहित सांसद जनार्दन मिश्रा शामिल रहे इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग और योजनाओं के हितग्राही मौजूद रहे. रीवा में कुल 12 वाहनों को डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है यह वाहन जिले के आठों विधानसभा के हर गांव में जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम करेगी. रीवा जिले में मोदी की गारंटी की गाड़ी आठ विधानसभा के लिए 12 गाड़ियां मिली थी जिन्हें आज रवाना किया गया है. यह गाड़ी जब गांव-गांव शहर शहर में घूमेगी तो गरीब जिसे योजनाओं का लाभ नहीं मिला वह जब एलईडी स्पीड में चल रही योजनाओं का लाभ के बारे में दिखेगा सुनेगा तो जरूर इस योजना से लाभ लेने का प्रयास करेगा. जो जन कल्याणकारी योजनाएं जो प्रधानमंत्री जी ने चलाई है उन योजनाओं को इस वाहन के माध्यम से आमजन और गरीबों तक के गुना तक पहुंचाने का और प्रचार प्रसार करने का काम किया जा रहा है.यह यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी इस यात्रा के माध्यम से लाखों लोग योजनाओं से लाभान्वित होंगे.

## वाहन चेकिंग के दौरान सोहागी पुलिस ने हेरोइन मादक पदार्थ के साथ तीन नव युवकों को किया गिरफ्तार

रीवा !

थाना सोहागी में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक शारदा प्रसाद तिवारी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रयागराज उ.प्र. तरफ से वाहन मोटर सायकल क्रमाक MP17NB-2518 हीरो एचएफ डीलक्स में तीन व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन रीवा तरफ ले जा रहा है उक्त सूचना को सहायक उपनिरीक्षक व्दारा एनडीपीएस एक्ट प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियो से आवश्यक दिशा निदेश प्राप्त कर बिना समय गवाये थाना में उपस्थित बल के साथ एनएच 30 रोड सोहागी बाईपास स्वास्तिका रेस्टोरेन्ट के सामने वाहन चेकिग लगाई गई कुछ ही समय पर मुखबिर के बताये अनुसार वाहन क्रमाक MP17NB-2518 मौके पर आया जिसे रोक कर चालक विधि आपचारी बालक के साथ अन्य मोटर सायकल में सवार व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो मोटर सायकल के बीच में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम राहुल कुमार पासी पिता राजू पासी उम्र 24 वर्ष निवासी 41/47 ए खरिया नेहरु पार्क रोड धूमनगंज थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज उ.प्र. तथा मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति ने अपना नाम सौरभ कुमार पासी पिता राजाराम पासी उम्र 22 वर्ष निवासी 99 खरिया नेहरु पार्क रोड धूमनगंज थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज उ.प्र. का होना बताया जिसकी तलाशी पर 15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन, नगदी 1900 रुपये एव 04 नग मोबाइल फोन प्राप्त हुई जिसके रखने विक्रय करने एव परिवहन करने का कोई वैध लायसेन्स नहीं होने से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपीगण एव आपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया।जप्त हुआ मसुरुका 15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन कीमती 60 हजार रुपया, नगदी 1900 रुपया, 04 नग मोबाईल फोन कीमती 17 हजार रुपया, मोटर सायकल क्रमाक MP17NB- 2518 कीमती 60 हजार रुपया कुल कीमती 138900 रुपया मुख्य भूमिका रही थाना प्रभारी सोहागी निरीक्षक गोकुलानंद पांडे, उनि. मृगेन्द्र सिंह सायबर सेल रीवा, सउनि. शारदा प्रसाद तिवारी, सउनि जगदम्बा पांडे पीआर आर. रामविरंजन रावत, आर. वृजेन्द्र जयसवाल, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. विशाल सिंह, आर. मीना मिश्रा, आर. सत्यम ओझा !

**15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन, नगदी 1900 रुपये एवं 4 नग मोबाइल फोन प्राप्त**



## स्वर्गीय भैयालाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें सत्र का हुआ शुभारंभ

रीवा !

वरिष्ठ समजसेवी स्वर्गीय भैया लाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें सत्र का शुभारंभ टूर्नामेंट के संरक्षक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एव नगर पालिक निगम के अध्यक्ष वेंकटेश पांडेय के द्वारा आज किया गया जहां पर एकता मंच समिति के संयोजक एव आयोजक अखिलेश शुक्ला, अरुण मिश्रा,चंदूलाल खुशलानी चंदू भैया, प्रशांत चतुर्वेदी, अतुल मिश्रा,अखिलेश सिंह गुड्डू, सुतीक्षण समदारिया कमांडो, मोहन लाल शुक्ला, रविशंकर चतुर्वेदी मशाला किंग, इंजी रवि प्रकाश शुक्ला, कुलदीप पांडेय सहवाग़, सतीश पांडेय, आकाश मिश्रा, राहुल भारती, राजू पटेल, नवीन पटेल, राजाराम बुनकर, राजेश मिश्रा, वीणा शुक्ला, स्वादीप पांडेय पंडित,श्री कृष्ण मिश्रा, मीडिया प्रभारी संदीप कुमार तिवारी, रविशंकर चतुर्वेदी, आर्किटेक्ट रवि शुक्ला, कृष्णा मिश्रा, आशीष पांडेय, नीरज द्विवेदी, दर्शित शुक्ला, कमेटी एव राष्ट्रीय एकता मंच के सभी सहयोगी गण खेल प्रेमी जानता जनार्दन उपस्थि रहे।

# 36वीं जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

रीवा !



जिला फुटबाल संघ रीवा के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का भाव्य शुभारंभ शहर के हृदय स्थल नवमी बटालियन एसएएफ के फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया इसमें आज का पहला मैच एसएएफ बॉयज विरुद्ध पुलिस बॉयज के बीच खेला गया जिसमें एसएएफ बॉयज टीम 7-3 गोल से विजय रही!दूसरा मैच यंग बॉयज विरुद्ध डिवाइन एफसी के बीच खेला गया जिसमें यंग बॉयज 1-0 गोल से विजय रही!आज उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा (बाबा) रहे और अध्यक्षता कु. मानसिंह (ताला हाउस) ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी अवनीश बंसल उपस्थित रहे!मुख्य अतिथि ने खेल मैदान के अंदर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल किक करके 36वी जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता वर्ष 2023 का शुभारंभ किया एवं दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी एवं आयोजन समिति को आगामी फुटबॉल प्रतियोगिता में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया प्रतियोगिता शुरू होने के पूर्व राष्ट्रगान का आयोजन किया गया सभी खिलाड़ी एवं अतिथियों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया स्वागत भाषण जिला फुटबॉल सचिव मोहम्मद कासिम खान ने किया कार्यक्रम का संचालन कुंदन अग्निहोत्री ने किया आज के मैच में निर्णायक की भूमिका में विनोद शुक्ला, निलेश तिवारी, बृजभान रावत, सुमित सिंह बघेल रहे उक्त अवसर पर (पूर्व प्रोफेसर) अम्रुल्लाह खान, (पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर) इंद्रभान द्विवेदी लखन लाल खंडेलवाल, सोहन सिंह, राम कीर्ति शर्मा विक्रम सिंह (राजू) डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, सब-इंस्पेक्टर धीरज द्विवेदी, गोपाल सिंह, अमित चतुर्वेदी, छोटे खान, हाजी शब्बीर, मोहन सिंह, गुल अहमद, दिनेश सिंह, अत्ताउल्लाह खान, मुन्ना चाचा, उत्कर्ष सिंह, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहेपहला मैच मैदानी एफसी विरुद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा और दूसरा मैच मेड इंडिया विरुद्ध मॉन्स्टर क्लब के बीच खेला जाएगा!

# किसान ठंड में परेशान, आवारा पशुओं के एक भी मालिक पर कार्रवाई नहीं

### मऊगंज कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं

मऊगंज।



आवारा पशुओं के समुचित प्रबंधन हेतु कलेक्टर ने लगाई थी धारा144 यह आदेश 20 सितंबर 2023 की मध्यरात्रि से 19 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगा*मऊगंज जिले में ऐरा प्रथा के कारण आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं जन पशु हनि तथा किसानों की फसलों के नुकसान को रोकने के लिए उद्देश्य से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। मऊगंज जिले की राजस्व सीमा के अंतर्गत कोई भी पशुपालक अपने पशुओं को आवारा खुला नहीं छोड़ेगा यदि कोई पशुपालक ऐसा करते हुए पाया जाता है जिससे सड़क दुर्घटना के कारण पशु की मृत्यु होती है या जनहानि होती है तो उसके विरुद्ध पशु अतिचार अधिनियम व लोक परिशांति भंग होने की स्थिति के कारण दंड प्रक्रिया संहिता में विहित विधान के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सड़कों पर आवारा भ्रमण करते हुए पशुओं एवं ग्रामीण क्षेत्र में विचरण करते हुए पशुओं के तात्कालिक व्यवस्था हेतु जिले के तीनों नगर परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अस्थाई बाड़ों का निर्माण कर आवारा पशुओं को बाडे में रखने तथा उनके लिए पानी एवं चारे की समुचित व्यवस्था करेंगे किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए ऊपर वर्णित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।लेकिन जिम्मेदार अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण कलेक्टर केआदेश को कचरे की टोकरी मे डाल दिए है।साथ मे यह भी निर्देश दिए गए थे कियदि कोई पशुपालक यह दावा करता है कि बाड़े में अवरोधित पशु उसका है और वह उसे घर ले जाना चाहता है तो प्राधिकृत अधिकारी केंद्र द्वारा प्रति पशु 1000 जुर्माना कर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि पशुपालक के द्वारा अपने घर में रखा जाएगा खुला में नहीं छोड़ा जाएगा।लेकिन अब 19 दिसंबर से2023से कलेक्टर का आदेश समाप्त हो जाएगा।लेकिन किसी भी पंचायत मे कही कोई बाडा देखने को मिला है1